श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 92, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

Akhand Bharat Sandesh

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | शनिवार, 7 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- किसानों से दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नही, किसानों को करें जागरूक




**लखनऊ, जेएनएन।** पराली जलाने को प्रदेश में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। ऐसे में पुलिस प्रदेश में पराली जलाने वाले किसानों के प्रति कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने साफ लफ्जों में कहा है कि किसानों के साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह लोग पराली जलाने वाले किसानों को इससे होने वाले नुकसान तथा इसके उपयोग के प्रति जागरूक करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पराली ( फसल अपशिष्ट) जलाने से होने वाली क्षति के प्रति किसानों को जागरूक करें। किसी भी स्थिति में कहीं भी इस मुद्दे पर किसानों से बदसलूकी सहन नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली को लेकर पहले ही कई गाईडलाइन जारी की जा चुकी हैं। अब सूबे में अभियान चलाकर अधिकांश किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और नहीं जलाने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाए। उन्हें बताएं कि पराली जलाना पर्यावरण के साथ आपकी जमीन की उर्वरा शक्ति के लिए भी ठीक नहीं है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल) ने देश में कहीं भी पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया है। किसान ऐसा करने की जगह उन योजनाओं का लाभ उठाएं जिससे पराली को निस्तारित कर उसे उपयोगी बनाया जा सकता है। सरकार ऐसे कृषि यंत्रों पर अनुदान भी दे रही है। कई जगह किसानों ने इन कृषि यंत्रों के जरिए पराली को कमाई का जरिया बनाया है। बाकी किसान भी इनसे सीख ले सकते हैं। किसानों के ये सारी चीजें बताई जानी चाहिए। पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं। यही नहीं, बाद में भूसे की भी किल्लत बढ़ जाती है।

## प्रतापगढ़ में अधिवक्ता ने महिला जज की कलम छीन आदेश की प्रति फाड़ी

### देर रात नगर कोतवाली में आरोपित अधिवक्ता के खिलाफ तहरीर दी गई है।



**प्रयागराज, जेएनएन।** यूपी के प्रतापगढ़ जनपद की जिला अदालत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को एक अधिवक्ता ने डायस पर चढ़कर महिला सिविल जज से उनकी कलम छीन ली और आदेश की कापी फाड़ दी। अदालत में मौजूद अधिवक्ता और वादकारी यह नजारा देख सन्न रह गए। कर्मचारियों ने आरोपित अधिवक्ता को पकड? की कोशिश की तो वह भाग निकला। देर रात नगर कोतवाली में आरोपित अधिवक्ता के खिलाफ तहरीर दी गई है।

सिविल जज वर्णिका शुक्ला के रीडर कमलेश कुमार सिंह ने नगर कोतवाली में शुक्रवार की देर शाम तहरीर दी। तहरीर में लिखा कि शुक्रवार को दोपहर बाद तीन बजकर 45 मिनट पर पीठासीन अधिकारी सुश्री वर्णिका शुक्ला न्यायालय में मुकदमों की सुनवाई कर रही थीं। वेद प्रकाश शुक्ल बनाम महा नारायण मिश्र की सुनवाई हो चुकी थी। इस वाद में अग्रिम तिथि नियत की जा चुकी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र नारायण पांडेय के बेटे अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय उक्त वाद की पैरवी कर रहे थे। तहरीर में आरोप लगाया कि वाद में स्थगन के बाबत एकाएक उग्र हो गए और न्यायालय कक्ष में चिल्लाते हुए अशिष्टता करने लगे। पीठासीन अधिकारी के लिए यहां तक कह दिया कि उन्हें कुछ आता-जाता नहीं। स्टे नहीं दे रही हो, पैसा ले लो। मैं एलएलएम टापर हूं।

पीठासीन अधिकारी द्वारा नाम पूछने पर आरोपित अधिवक्ता डॉयस पर चढ़ गए और पीठासीन अधिकारी की कलम छीन कर फेंक दिया और इस वाद की पत्रावली की आर्डर सीट को फाड़ कर अपने साथ लेकर भाग गए। उस दौरान न्यायालय कक्ष में आशुलिपिक ऋषभ साहू, वाद लिपिक चैतन्य कुमार बाजपेई, कार्यालय चपरासी बिन्दू त्रिपाठी एवं श्याम लाल सहित लगभग पंद्रह अधिवक्ता भी थे। सीओ नगर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि महिला जज वर्णिका शुक्ला के रीडर की तहरीर पर न्यायिक कार्य में बाधा, अभद्रता सहित अन्य आरोप से संबंधित तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश के मंडला में मिले अंडों के जीवाश्म डायनासोर के निकले, करीब साढ़े छह वर्ष करोड़ हैं पुराने

**मंडला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक निजी तालाब में खुदाई के दौरान ये अंडे निकले थे**



**जबलपुर/मंडला, जेएनएन।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में इसी वर्ष के फरवरी माह में मिले अंडों के गहन अध्ययन के बाद जीवाश्म विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अंडों के ये जीवाश्म डायनासोर के हैं। इन्हें करीब साढ़े छह करोड़ वर्ष पुराना बताया जा रहा है। जीवाश्म विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। अंडों को वैज्ञानिक अध्ययन के लिए मध्य प्रदेश के सागर भेजा गया था, जहां इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से अध्ययन के बाद यह पुष्टि हुई।

बता दें कि फरवरी माह में मंडला के स्थानीय नागरिक पुनीत राय को कुछ बच्चे इन अंडों से खेलते हुए दिखे थे। उन्होंने इसकी जानकारी जीवाश्म विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव व पुरातत्व संग्रहालय मंडला को दी थी।

डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के भूगर्भ शास्त्री व जीवाश्म विशेषज्ञ प्रोफेसर प्रदीप कुमार कठल ने वैज्ञानिक अध्ययन व परीक्षण कर पाया कि ये जीवाश्म शाकाहारी डायनासोर के हैं। उनकी लंबाई 13-15 मीटर रही होगी। डायनौसोर सरीसृप रेप्टाइल वर्ग के प्राणी थे, जो लगभग 6.5 करोड़ वर्ष पहले क्रिस्टेसियस काल में बड़े उल्का पिंड के पृथ्वी से टकराने के फलस्वरूप उत्पन्न ताप व अन्य जलवायु परिवर्तनों के कारण विलुप्त हो गए। यदि ऐसा न होता तो कालांतर में स्तनधारी (मेमल्स) के विकास के साथ मनुष्य की उत्पत्ति पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया होता।

मंडला के जीवाश्व विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा घाटी में मिला सोरोपोड प्रजाति का यह जीवाश्म राष्ट्रीय धरोहर है। वैज्ञानिक परीक्षण के बाद यह तथ्य मिला कि ये जीवाश्म सोरोकोड के हैं। इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि कुछ महीनों पहले यरूशलम के शोधकताओं ने एक नए अध्ययन में दावा किया था कि डायनासोर का विकास तो छिपकली जैसे ठंडे खून वाले जानवर के रूप में हुआ, लेकिन बाद में वह गर्म खून वाले जानवरों में बदल गए। जिस तरह से छिपकली को अपने शरीर का तापमान नियंत्रित करने के लिए सूर्य की आवश्यकता पड़ती है उसके उलट डायनासोर अपने शरीर का तापमान अपने मेटाबॉलिज्म से नियंत्रित करते थे।

## महिला हज यात्रियों के लिए 500 सीटें आरक्षित ऑनलाइन आवेदन शनिवार से




**लखनऊ, जेएनएन।** बिना मेहरम (पुरुष रिश्तेदार) के हज यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाली महिलाओं के लिए इसबार 500 सीटें आरक्षित की गई हैं। एक्शन प्लान के मुताबिक बिना मेहरम श्रेणी में हज यात्रा पर जाने वाली महिलाओं को तीन-तीन के ग्रुप में रवाना किया जाएगा। जबकि, पहले महिलाएं चार-चार के ग्रुप में रवाना होती थी। इसलिए ग्रुप के सदस्यों के मुताबिक ही महिलाओं को आवेदन करना होगा। शनिवार से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी और 10 दिसंबर तक चलेगी।

अल्लाह के दरबार में हाजिरी लगाने की तमन्ना रखने वाले शनिवार से हज यात्रा के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज एक्शन प्लान 2021 जारी कर दिया है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। हज कमेटी की वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर आवेदन का प्रारूप अपलोड कर दिया गया है। कोरोना के चलते हज कमेटी ने कई बदलाव किए हैं। 18 से कम और 65 से अधिक यानी बुजुर्ग आजमीनों को हज यात्रा पर सऊदी अरब नहीं भेजा जाएगा। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों के आवेदक सात नवंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जनवरी 2021 में कुराअंदाजी (ऑनलाइन लाटरी) निकालकर आजमीनों का चयन किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया की घोषणा होने के साथ राज्य हज कमेटी कार्यालय में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हज कमेटी ने चयनित आजमीनों से ली जाने वाली हज यात्रा की पहली किस्त में बढ़ोत्तरी कर दी है। अब हज यात्रा में चयन के बाद आजमीन को पहली किस्त के तौर पर 1.5 लाख रुपये कमेटी के बैंक खाते में जमा करना होगा। जो पहले 81 हजार रुपये थे। उप्र से केवल लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डे से ही हज यात्रा की उड़ान होगी। इसके अलावा हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, कोच्चि, बैंग्लुरू, दिल्ली, गुवाहाटी, श्रीनगर व अहमदाबाद शामिल हैं, 26 जून से उड़ान शुर होगी और 13 जुलाई को आखिरी उड़ान होगी। 30 जुलाई को हज होगा और हज यात्रियों की वापसी 14 अगस्त से शुरू होगी।

## भारत की चीन को दो टूक, एलएसी पर यथास्थिति बहाली ही गतिरोध का हल चीनी सैनिकों को पीछे हटना ही होगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर जारी सैन्य गतिरोध का हल निकालने के लिए कमांडर स्तर की हुई वार्ता में भारत ने चीन को एक बार फिर साफ कर दिया कि एलएसी की यथास्थिति में बदलाव किए बिना ही सैनिकों को पीछे हटाने का रास्ता निकालना होगा। एलएसी के दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों को पीछे हटाने के लिहाज से शुक्रवार को हुई कमांडर स्तर की आठवें दौर की यह वार्ता भारत और चीन दोनों के लिए बेहद अहम है। इस वार्ता में सहमत होने वाले मुद्दों पर आपसी समझ बनाने के बाद ही दोनों देशों अपना बयान जारी करेंगे।

हालांकि चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत ने एलएसी पर तनाव की स्थिति कायम रहने की बात कहते हुए चीन के दुस्साहस और अतिक्रमण को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि इस दुस्साहस के बाद चीनी सेना को भारतीय सेना के अप्रत्याशित और मजबूत जवाब से रूबरू होना पड़ रहा है। जनरल रावत ने भी साफ कर दिया कि एलएसी में किसी तरह का बदलाव भारत को मंजूर नहीं है। भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच मास्को बैठक में एलएसी गतिरोध का वार्ता से हल निकालने की बनी सहमति के बाद सैनिकों को दुर्गम इलाकों से हटाने के मुद्दे पर कमांडर स्तर की आठवें दौर की बातचीत अहम मानी जा रही है। ठंड का मौसम शुरू हो चुका है और एलएसी के इन दुर्गम मोर्चो पर अगले कुछ दिनों में बर्फ गिरने की शुरूआत भी हो जाएगी। ऐसे में यहां सैनिकों की तैनाती बनाए रखना दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। पूर्वी लद्दाख में भारत के चुशूल सेक्टर में कमांडर स्तर की यह लंबी वार्ता सुबह साढे नौ बजे शुरू हुई जिसमें भारतीय दल का नेतृत्व सेना के 14वें कोर के नए कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन ने किया। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। छठे दौर की कमांडर वार्ता में जहां दोनों देशों के बीच एलएसी पर और सैनिक नहीं भेजने पर सहमति बनी थी। वहीं सातवें दौर की बातचीत में सैनिकों की वापसी के फामूर्ले का कोई समाधान नहीं निकला मगर कूटनीतिक संवाद बनाए रखने की हामी भरी थी। बातचीत में भारत ने बार-बार साफ किया है कि सैन्य तनातनी खत्म करने की जिम्मेदारी चीन पर है और इसके लिए एलएसी की गरिमा का दोनों तरफ से सम्मान किया जाना अनिवार्य जरूरत है। भारत इस रुख पर कायम है कि चीन अपने सैनिकों को वापस हटाकर मई के पूर्व स्थिति में ले जाए। जबकि चीन का कहना है कि भारत पैंगोंग झील के दक्षिणी इलाके की चोटियों पर तैनात अपने सैनिकों को पहले पीछे हटाए।

## सीएम योगी आदित्यनाथ का निर्देश प्रभावी ढंग से हो समूहों की फोकस टेस्टिंग का कार्य



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में कोराना वायरस पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को हर स्तर पर काम को सही ढंग से अंजाम पर लाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कोविड-19 पर प्रभावी अंकुश के लिए निरन्तर सतर्कता एवं सावधानी बरतने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रभावी उपाय जारी रखते हुए लोगों को कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक करें। इसके साथ विभिन्न समूहों की फोकस टेस्टिंग का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 पर प्रभावी अंकुश के लिए निरन्तर सतर्कता एवं सावधानी बरतने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है।


उन्होंने कहा कि आगामी पर्वों की तैयारियों के सिलसिले में बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने के लिए आ रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न समूहों की फोकस टेस्टिंग का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू सहित विभिन्न संचारी रोगों को नियंत्रित करने के लिए एन्टी लार्वा रसायनों का नियमित तौर पर छिड़काव किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फॉगिंग का कार्य लगातार संचालित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के निदेर्शों के क्रियान्वयन की जिलास्तर पर समीक्षा की जाए। तत्पश्चात वह स्वयं शासन स्तर पर समीक्षा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुपोषित परिवारों, जिनके पास गाय रखने का स्थान उपलब्ध हो तथा गौ-पालन के इच्छुक हों, उन्हें गो-आश्रय स्थलों से गाय उपलब्ध करायी जाए। गाय के भरण-पोषण के लिए प्रति गाय प्रतिमाह 900 रुपये भी प्रदान किये जाएं। यह व्यवस्था मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत की जाए। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि अब तक 1,052 कुपोषित परिवारों को गोवंश उपलब्ध कराया गया है।

इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश चंद अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ. रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, अपर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास एस राधा चैहान, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, राहत आयुक्त संजय गोयल, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार के साथ सूचना निदेशक शिशिर उपस्थित थे।


## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, ट्राई को स्पेशल टैरिफ का ब्योरा दें टेलीकॉम कंपनियां, पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह जरूरी



**नई दिल्ली, पीटीआइ।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी टेलीकॉम कंपनियों को अपने स्पेशल टैरिफ और सेग्मेंटेड ऑफर का ब्योरा दूरसंचार नियामक ट्राई से साझा करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार टैरिफ के मामले में पारदर्शिता के लिहाज से इसे अहम कदम माना जा रहा है। इसके साथ अदालत ने इन सभी जानकारियों को गोपनीय रखने और किसी कंपनी की जानकारी प्रतिस्पर्धी कंपनी तक नहीं पहुंचने देने की जिम्मेदारी ट्राई को दी।

मामले में सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एसए बोबड़े, जस्टिस एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने कहा, 'पारदर्शी, भेदभाव रहित और एकाधिकार विहीन व्यवस्था बनाने के नियामकीय सिद्धांतों के पालन की दिशा में ट्राई ने कंपनियों से जो जानकारियां मांगी हैं, उन्हें प्रथम द्दष्टया गैरकानूनी या अन्यायपूर्ण नहीं कहा जा सकता है। इसलिए कंपनियों को ट्राई के समक्ष टैरिफ का पूरा ब्योरा देना होगा।' ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों से प्लान की पूरी जानकारी देने को कहा था। इसके खिलाफ एयरटेल और वोडाफोन ने अपीलेट ट्रिब्यूनल टीडीसैट के समक्ष याचिका दी थी। कंपनियों का तर्क था कि इस तरह के ऑफर किसी टैरिफ प्लान का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए इनकी जानकारी देना जरूरी नहीं है। टीडीसैट ने कंपनियों के हक में फैसला देते हुए कहा था कि ट्राई को कंपनियों से ऐसी जानकारी मांगने का अधिकार नहीं है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम और सरकारी टेलीकॉम कंपनियां ट्राई के निर्देश का पालन कर रही हैं। कई बार कंपनियां दूसरी कंपनी में पोर्ट कराने जा रहे ग्राहकों को अपने साथ बनाए रखने के लिए कुछ डिस्काउंट देती हैं। इन्हें सेग्मेंटेड ऑफर या स्पेशल टैरिफ कहा जाता है। ऐसे ऑफर के तहत बेहतर डाटा स्पीड, प्रेफरेंशियल कस्टमर स्टेटस और ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर एक्सेस जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों दूरसंचार नियामक ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टैरिफ योजनाओं के प्रकाशन और विज्ञापन के लिए नए नियम जारी किए थे। ट्राई के नए नियम से ग्राहकों को यह फैसला लेने में मदद मिलेगी कि उनके लिए कौन सा प्लान बेहतर है और उसके तहत उन्हें क्या सुविधाएं मिलने वाली हैं। यही नहीं यदि यह नियम अमल में आता है तो दूरसंचार कंपनियां अब अपने मोबाइल टैरिफ प्लान में अस्पष्ट और भ्रामक शर्ते नहीं रख सकेंगी।

## सांसदों-विधायकों के खिलाफ केस में गवाहों की सुरक्षा पर कोर्ट करें विचार, सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश



**नई दिल्ली, पीटीआइ।** सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि वो वर्तमान और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों में गवाहों को साक्षी संरक्षण योजना के तहत सुरक्षा मुहैया कराने पर विचार करें, भले ही उनकी तरफ से ऐसी मांग की गई हो या नहीं। जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा, उसके द्वारा स्वीकृत साक्षी संरक्षण योजना, 2018 को केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, 'ऐसे मामलों में खतरे को ध्यान में रखते हुए निचली अदालतें उक्त योजना के तहत गवाहों को सुरक्षा मुहैया कराने पर विचार कर सकती हैं, भले ही उनकी तरफ से अनुरोध नहीं किया गया हो।' इस तरह के मामलों में लोग गवाही देने के लिए अदालतों में आने से बचते हैं। भाजपा नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की तरफ से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने यह भी निर्देश दिया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों को बिना वजह टाले नहीं।

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा रिट कार्यवाही में दिए गए निर्देश दोनों वर्तमान और पूर्व सांसदों और विधायकों के मामलों में लागू होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को सांसदों और विधायकों के खिलाफ विशेष एजेंसियों की तरफ से की जा रही जांच की यथास्थिति बताने के लिए और एक हफ्ते का समय दे दिया। बीते बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों के खिलाफ देशभर की अदालतों में काफी समय से लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर की थी। शीर्ष अदालत ने यह असंतोष तब जताया जब कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से पेश अधिवक्ता ने बताया कि बंगाल में एक पूर्व विधायक के खिलाफ 35 से भी अधिक वर्षों से एक मामला लंबित है। यही नहीं देशभर की अदालतों में मौजूदा एवं पूर्व सांसदों-विधायकों के खिलाफ 4,400 से ज्यादा आपराधिक मामले लंबित हैं।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शनिवार, 7 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### गांव के सर्वांगीण विकास के साथ लोगों को स्वस्थ्य सुविधा भी जरूरी : मिथिलेश

**प्रयागराज।** गांव में खुशियाली के लिए प्रतेक व्यक्त तक विकास की किरण पहुंचे साथ ही गांव की जनता रोग मुक्त होना चाहिए इसके लिए जरूरी है उन्हे गांव स्तर पर स्वस्थ्य सुविधा का होना ।मेरा मकसद है लोगों की ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं से लाभ मिलें, उक्त बातें विकास खंड करछना ग्राम पंचायत देवरी कला के प्रधान मिथिलेश कुमार द्विवेदी गांव के पास स्थित मीरजापुर हाइवे मार्ग पर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सर्वोदय हास्पीटल के उदघाटन समारोह में कहीं ।उन्होने दो पंचवर्षीय योजना से गांव के प्रधान पद पर रहते हुए गांव में अनेकों विकास कार्य से जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रयास रत रहे हैं ।इसी क्रम में गाँव के लोगों केलिऐ स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ मुहैया करा दिया, जिससे गांवो में होने वाले बीमार लोगों का गांव स्तर पर उन्हे सुविधा उपलब्ध हो सके ।उदघाटन के अवसर पर कमलेश द्विवेदी गौरमेंट कांट्रेक्टर सहित विकास खंड करछना के दर्जन भर से अधिक गांवो के प्रधान शामिल रहे ।

## शौंच जा रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

### होलागढ़ के वृसिंघपुर उर्फ रामगढ़ गांव की घटना

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के वृसिंघपुर उर्फ रामगढ़ गांव में शुक्रवार सुबह में शौच के लिए जा रहा एक 17 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

जानकारी के मुताबिक उक्त थाना क्षेत्र के वृसिंघपुर उर्फ रामगढ गांव निवासी सुभाष चंद्र पटेल का लगभग 17 वर्षीय युवक शुक्रवार की सुबह में शौच के लिए जा रहा था कि घर से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी स्थित एक पड़ोसी के खेत के पास जैसे ही पंहुचा कि बैगन की खेत के लगे चारो ओर से लोहे की तार में जानवर के डर से बिजली का तार जोड़ दिया गया था। तभी मृतक पंकज पटेल शौच के लिए जा रहा था कि उक्त तार में लगे करंट से मौके पर ही मौत हो गयी। आते जाते लोगो ने देखा तो परिजनों को जानकारी हुई मौत की खबर परिजनों को हुई तो पैरो तले जमीन खिसक गयी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक हाईस्कूल का छात्र था और मृतक दो भाईयो में बड़ा था व दो बहन है। मृतक की माता सुमन का रो रोकर बुरा हाल है। होलागढ़ इंस्पेक्टर तारकेश्वर रॉय ने बताया कि हमारे संज्ञान में नही है यदि कोई तहरीर आती है तो कार्यवाही की जायेगी।



युवक की मौत के बाद रोते बिलखते मृतक के परिजन





खेत के चारों तरफ लगाये गये तार में करंट लगने से हुआ हादसा

### ग्रामीणों ने विजली विभाग कर्मियो पर लगाया आरोप

**होलागढ़।** होलागढ़ के वृसिंघपुर उर्फ रामगढ में में आज एक 17 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आने से मौत होने के बाद ग्रामीणों ने विजली विभाग के कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में बहुत लोग चोरी से व नाजायज तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे है जिसकी शिकायत भी की गयी लेकिन मामले को ठन्डे बस्ते में डालते हुए कोई कार्यवाही नही की गयी । और यदि पहले ही विद्दुत कर्मी पहले ही सचेत रहते तो घटना न होती । जब इस बाबत जेई अमित सेठ से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि हमारे पास कोई भी शिकायत नही आई थी और न ही शिकायत की बात मेरे संज्ञान में थी हालांकि खेत में करंट लगाना बिलकुल गलत है और अपने अधिकारियो को सूचना दे दिया हूँ जो भी होगा उचित कार्यवाही की जायेगी।

## अपाचे सवार दो बदमाशों ने कारोबारी का मोबाइल छीन रुपये छीनने का किया प्रयास

**घूरपुर।** क्षेत्र के विगाहिया गांव के एक कारोबारी से अपाचे सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया और रुपए भी छीनने का प्रयास कर ही रहे थे कि अन्य राहगीरों के पहुंचने पर बदमाश भाग निकले लोगो ने पीछा किया लेकिन पकड़ में नही आ सके। विगहिया गांव निवासी लवकुश साहू पुत्र शोभनाथ साहू इरादतगंज बाजार में ठेले पर सगौडा, चाट लगकर परिवार का जीविकोपार्जन करता है रोजना की तरह गुरुवार की रात दुकान बंद कर अपने चचेरा भाई श्री कांत के साथ पैदल ही घर जा रहा था कि अभी गांव के समीप लठियहवा बाग के पास पुलिया पर पहुंचा कि पीछे से अपाचे पर सवार दो बदमाश रुक दोनों बदमाश ने महगें कीमत की मोबाइल छीन रख रुपए छीनने का प्रयास करने लगे तबतक अन्य राहगीर आ गए तो मोबाइल लेकर बदमाश बगबना की तरफ तेज रफ्तार भाग निकले लोगो ने कुछ दूर तक पीछा किया लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। शुक्रवार की सुबह पीड़ित थाने में पहुंच शिकायती पत्र दिया।

## कार की टक्कर लगने से भाई की मौत, बहन घायल

### परिजनों में मचा रहा कोहराम

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड पुलिस चौकी के समीप गुरूवार रात को एक कार की जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल निरदहो टोला निवासी रमजानी पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद शकील गुरुवार रात को वह अपनी बहन रक्को को बाइक द्वारा लेकर जा रहा था। जैसे ही वह जेल रोड पुलिस चौकी के समीप एक कान्वेंट स्कूल के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रही एक कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार भाई बहन सड़क पर जा गिरे और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन में एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए एसआरएन भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रमजानी की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की बहन रक्को को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

### नैनी कोतवाली के सामने खड़ी ट्रकों से उपकरण चोरी

**नैनी।** कोतवाली के समीप सड़क के किनारे खड़े दो ट्रकों से गुरुवार रात चोरों ने मौका पाते ही हार्न चोरी कर फरार हो गए।जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली में दाखिल ट्रकों कोतवाली के समीप सड़क के दोनों छोर के किनारे खड़ी कराया गया है। जबकि उनकी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित नैनी कोतवाली की है। गुरुवार रात चोर मौका पाते ही दो ट्रकों से हजारों रुपए के दो हार्न खोल कर फरार हो गए। अगले दिन शुक्रवार सुबह ट्रक चालकों को उपकरण चोरी की जानकारी होने पर वह संबंधित थाने पर सूचना दी। बता दें कि दें कि इससे पूर्व भी ट्रकों से उपकरण चोरी हो चुके हैं। रात्रि प्रहर में तैनात सुरक्षाकर्मी आसपास बने चाय की होटलों पर आराम फरमाते रहते हैं और चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

### तीन सट्टेबाज हिरासत में, पूछताछ जारी

**नैनी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र से तीन सट्टेबाजों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि तीनों सट्टेबाज इन दिनों जारी आईपीएल क्रिकेट मैच में हार जीत की बाजी लगाने में जुटे हुए हैं। पुलिस ने जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## तहसील परिसर मे बिना मास्क प्रवेश वर्जित : नायब तहसीलदार

**मेजा ।** मेजा तहसील परिसर में वादी प्रतिवादियों की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। जबकि कोरोना का संक्रमण अभी कम नहीं हुआ है वो बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार मेजा प्रभारी अधिकारी कोरोना (कोविड-19) विश्वदीपक त्रिपाठी ने तहसील परिसर में पहुंच रहे वादी प्रतिवादी व अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहाँ की ठंड में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है आगे भी तेजी से बढ़ने की आशंका है। इस लिए लोग एहतियात बरते बगैर मास्क कोई भी व्यक्ति तहसील में न प्रवेश करें तथा भीड़ वाले स्थान पर सामाजिक दूरी का ध्यान रखे। विगत कुछ दिनों में कोरोना पाजिटीव मरीजों की संख्या बढ़ी है ऐसे में शासन का सख्त निर्देश है कि बिना मास्क लगाए कोई भी व्यक्ति किसी भी शासकीय कार्यालय में प्रवेश ना करें।

## दो टप्पेबाज गिरफ्तार दस हजार बरामद

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ के समीप गुरूवार रात को पुलिस ने दो शातिर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दस हजार बरामद करते हुए चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी जय नारायण शर्मा बीते कुछ दिन पूर्व वह जेल रोड पुलिस चौकी के समीप एक विक्रम पर सवार होकर शहर किसी कार्य हेतु जा रहे थे। जैसे ही चालक विक्रम वाहन को लेकर लेप्रोसी मिशन तिराहे के निकट पहुंचा तो वह आगे जाने में आनाकानी करने लगा। बताते हैं कि उक्त वाहन में सवार टप्पेबाजों जय नारायण शर्मा के पास मौजूद लगभग दो लाख नकदी लेकर फरार हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई थी। गुरूवार रात जरिए मुखबिर से नैनी इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह को सूचना मिली की कुछ टप्पेबाज अरैल तिराहे के समीप मौजूद हैं। सटीक सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह के निर्देश पर जेल रोड पुलिस चौकी प्रभारी विमलेश त्रिपाठी, छिवकी पुलिस चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल संजय सिंह व शिवाकांत यादव उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए दो शातिर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। जबकि दो शातिर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए टटप्पेबाजों में बिजनौर जिला के कीरतपुर थाना क्षेत्र स्थित आलमपुर गंगा गांव निवासी अवनीश कुमार पुत्र श्रीराम व गौरव कुमार पुत्र जालम सिंह हैं। इन दोनों के कब्जे से चोरी के दस हजार रुपए नकदी बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को चालान कर दिए। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश देने में पुलिस जुटी हुई है।

## समाजवादी पार्टी "यूथ मिलान समारोह" 7 नवम्बर को होगा

**सिरसा।** समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी 7 नवंबर को मेजा विधानसभा क्षेत्र के भड़ेवरा गाँव में यूथ मिलन समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे युवाओं को लाल टोपी पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक युवा नेता हिमांशु कुमार सिंह के अनुसार इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादियों की उपस्थिति और उनके भाषण से युवाओं को राजनैतिक और सामाजिक सीख पाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध बाटी चोखा सहभोज के बाद होगा। वरिष्ठ सपा नेता और कार्यक्रम के मार्गदर्शक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा मिलन समारोह में काफी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं के उपस्थित रहने की संभावना है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में डॉ लोहिया, स्वः जनेश्वर मिश्र, मा. मुलायम सिंह यादव के संघर्षों, विचारों से युवा पीढ़ी में समाजवाद की भावना जगाना और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आस्था रखते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए जन जागरूकता पैदा करना है।

### छत का बारजा ढहा महिला गिरी गंभीर रूप से घायल

**घूरपुर।** क्षेत्र के विगाहिया गांव में छत का बारजा ढहने से बारजा से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। विगाहिया गांव निवासी दिव्या सिंह (50) पत्नी स्व. गिरजा सिंह शुक्रवार की सुबह छत के बारजे पर बैठकर काम कर रही थी कि अचानक बरजा ढह गया। बारजे के साथ ही महिला भी नीचे गिर मलबे से दब गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### जनसेवा केंद्र के छत पर लगा सोलर पैनल चोरी, थाने में दी तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बोमापुर निवासी अमित कुमार शुक्ला पुत्र स्वर्गीय कृष्ण देव शुक्ला ग्राम क्षेत्र के खोजापुर में पंचायत भवन के निकट जनसेवा केन्द्र चलाते हैं। बताया गया है कि बीती रात चोरों ने छत पर लगे सोलर पैनल को चोरी कर ले गए। अमित कुमार शुक्ला ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## पीजी कॉलेज में जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**बरौत।** सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम के तहत हंडिया पीजी कॉलेज में शनिवार को जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि रहे पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन केपी सिंह ने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

यह आयोजन सड़क सुरक्षा एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जनताहित कार्यकारिणी सेवा समिति लोकमनपुर बरौत के द्वारा आयोजित किया गया था। बतौर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन केपी सिंह ने कहा जिंदगी बचाने हेतु सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है क्योंकि यातायात नियम ही सुरक्षा कवच है। सड़क दुर्घटना गंभीर विषय है बाइक से निकलने से पहले हेलमेट का प्रयोग करें । चारपहिया से निकलना है तो सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। कहा कि दुनिया का सबसे कीमती धन जिंदगी है इसे लापरवाही में न गवाएं। उन्होंने लापरवाही के चलते दुर्घटना के शिकार हुए कई लोगों की घटनाएं भी जागरुकता अभियान में प्रस्तुत किया । विशिष्ट अतिथि रहे कॉलेज के प्रबन्धक डॉ वीके सिंह ने कहा हाईवे पर सर्वाधिक घटनाएं बाइक चलाते समय फोन से बात करते समय ही हुआ करती है।

संस्था के सचिव विजय शंकर शुक्ल ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया। आयोजन को सीपी शर्मा प्रबन्धक निदेशक शर्मा क्लासेज प्रयागराज, मौलिक चिन्तक व समाजसेवी रमेश चतुर्वेदी, पूर्व बार अध्यक्ष सुभाष तिवारी, मनीष शुक्ला, सीओ अवधेश कुमार शुक्ल ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरुक किया जिसमें कई कॉलेजों के छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी को दिनदहाड़े मारी गोली, हालत नाजुक

### मऊआइमा के छीमीताल गांव के समीप दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**मऊआइमा।** शुक्रवार को साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे पेट्रोल पंप कर्मचारी को बाइक सवार दो युवकों ने गोली मार दी। जिससे लहुलुहान होकर कर्मचारी जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयी। हालत नाजुक होने पर एसआरएन में भर्ती कराया गया है। इसके पूर्व भी उक्त पंप कर्मी को गोली मारी गई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के शीतलापुर (सराय ख्वाजा) गांव निवासी कन्हैया लाल यादव पुत्र स्वर्गीय दयाराम यादव मऊआइमा के ग्राम महमदपुर सराय अली प्रयागराज प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित सदर आटो सेल्स पर सेल्समैन है। बताया गया है कि शुक्रवार को लगभग चार बजे कन्हैया लाल साइकिल से पेट्रोल पंप पर रात की ड्यूटी पर आ रहा था। बताते हैं कि पहले से घात लगाए एक बाइक पर दो सवारों ने ग्राम छीमीताल के पास पीछे से आकर कन्हैया लाल को गोली मारकर भाग गए। कन्हैया लाल जमीन पर गिर कर तड़पने लगा। आस पास के ग्रामीण आकर देखे और इसकी सूचना पुलिस को दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जमीन पर तड़प रहे कन्हैया लाल को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि पंप कर्मचारी कन्हैया लाल के पीठ में गोली मारी गई, गोली रीड़ की हड्डी में फंसी हुई है। थोड़ा सा होश में आने पर नाजुक हालत में कन्हैया लाल ने बताया कि बाइक के पीछे बैठा युवक मनोज कुमार पुत्र राम अभिलाष ने उसे गोली मारी है। जबकि बाइक चालक को वह पहचान नहीं सका। बताते हैं हैं कि इसके पूर्व 29 जुलाई 2019 को कन्हैया लाल यादव को गोली मारी गई थी। वह एक माह तक अस्पताल में भर्ती रहा। उक्त घटना में कन्हैया लाल के भाई राजेश यादव ने गांव के ही राहुल कुमार, मनोज कुमार, रामदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस की लापरवाही के कारण बदमाशों के हौसले और बुलंद हो गए और आज उक्त घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है ।



अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा पेट्रोल पंप कर्मचारी

## एसडीएम ने तहसील के कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**बरौत।** जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना तथा पिछले कार्यों को तेजी से निस्तारित कराना ही पहली प्राथमिकता होगी इतना ही नही शासन के मंशा अनुरूप सुविधाओं का लाभ लोगों तक पहुँचे जिसपर पैनी नजर रखी जायेगी। उक्त बातें नव आगन्तुक एसडीएम आईएएस आकाँक्षा राना ने शुक्रवार के दिन स्थानीय मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा। उन्होने कहा कार्य में ढिलाई कतई बर्तास्त नही की जायेगी अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य के समय पर विशेष ध्यान रखें और इतना ध्यान रखें जो भी आम जन की समस्या है उसे पूरी ईमानदारी के साथ समाधान करने का प्रयास करें। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण खाली कराये जायेंगे। अपना चार्ज लेने के बाद ही इन्हाने तहसील के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित व ईमानदारी से काम करने का निर्देश दिया। वार्ता के समय तहसीलदार रामप्रसाद त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आया अधेड़, गंभीर

**करछना।** क्षेत्र के नौवा गांव निवासी जुम्मन अली 50 पुत्र फिरोज अली किसी कार्यवश करछना की ओर आ रहा था कि थाने के सामने लगे जाम मे निकल रही ट्रको की चपेट मे आ जाने से बुरी तरह घायल हो गया जिसे स्थानी? लोगो ने सीएचसी करछना ले गये जहा डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया वही डाक्टरो ने बताया कि अधेड का पैर टूट गया है ।वही ट्रक समेत चालक पुलिस हिरासत में है।

## एडीओ पंचायत ने दिव्यांग शौचालय के स्कूलों के कायाकल्प का किया निरीक्षण

**जसरा।** विकास खंड जसरा के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शासन द्वारा बनाए जा रहे दिव्यांग शौचालय के साथ ही स्कूलों के कायाकल्प का निरीक्षण करने के लिये एडीओ पंचायत जसरा ने आधा दर्जन स्कूलों में भ्रमण कर वस्तु स्थिति की जानकारी किया। एडीओ पंचायत राम सूरत यादव ने बताया कि जसरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बुदांवा, छोटी कांटी, सड़वा खुर्द, इरादतगंज, बीआरसी सेमरा कल्बना आदि स्कूलों में जाकर सरकार द्वारा बनवाये जा रहे स्कूल के कायाकल्प के अन्तर्गत बाउंड्री बाल, कमरों में टाइल्स, रनिंग वाटर, हैंडपंप, दिव्यांग शौचालय, बालक/ बालिका शौचालय एवं अन्य कायाकल्प की योजनाओं का सत्यापन किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय सेमरा कल्बना के कुछ विद्यालयों के कमरों में टाइल्स नहीं लगा मिला। वहीं सड़वा खुर्द का प्राथमिक विद्यालय का गेट टूटा मिला। एडीओ पंचायत जसरा ने बताया कि दिव्यांग शौचालयों का कार्य धीमी गति पर देखने को मिला। वहीं स्कूलों की साफ सफाई को बनाए रखने के लिए संबंधित सफाई कर्मियों को चेतावनी के साथ निर्देशित भी किया गया।

## इफको फूलपुर इकाई में स्थापित की जा रही है नैनो उर्वरक परियोजना

**फूलपुर।** किसानों के हित में हम एक कदम आगे की सोच रखते हैं। किसान भाइयों को कम लागत में ही अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में मदद मिल सके। इसके लिए इफको ने बृहद शोध के बाद नैनों फर्टिलाइजर के उत्पादन में कदम बढाया है। इसका प्रयोग फसलों पर हो चुका है। पेटेंट के बाद किसानों को उपलब्ध कराने की तैयारी कर ली गई है।जल्द ही यह सहकारी समितियों व किसान सेवा केन्द्र पर उपलब्ध रहेगा। यह बातें इफको के प्रबंध निदेशक डा० उदय शंकर अवस्थी ने शुक्रवार को इफको फूलपुर ईकाई की न्यू एच ब्लाक में आयोजित प्रेस वार्ता को दिल्ली मुख्यालय से वर्चुअल जूम एप के द्वारा सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने बताया कि ग्राम नैनों फर्टिलाइजर 100 किलो यूरिया के बराबर काम करेगा। इफको उर्जा बचत के क्षेत्र में 25 प्रतिशत की कमी की है। नाइट्रोजन पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन की वजह से ग्लोबल वार्मिंग पर संकट आया है इसलिए इफको ने नैनो नाइट्रोजन के माध्यम से अपनी तीन इकाइयों कांडला,कलोल व फूलपुर में इसका उत्पादन शुरू कर रहा है। नैनो फर्टिलाइजर के आने से अठ्ठाइस हजार करोड़ रुपए का सीधा फायदा किसानों को होगा। क्योंकि 266 रूपए बोरी यूरिया के बराबर नैनो की एक शीशी 240 रूपए में ही उपलब्ध रहेगी। प्रेसवार्ता के बाद मोहम्मद मसूद अहमद ने कहा कि इफको फूलपुर ईकाई निर्बाध रूप से 11.6 लाख मीटरी टन यूरिया कोविड महामारी में किसानों के बीच पहुचाए। इस वर्ष 19 लाख मीटरी टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।महा प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन संजय कुदेशिया ने बताया कि विगत 26 अगस्त को 11.1 एकड़ भूमि पर नैनो उर्वरक परियोजना की आधारशिला प्रबंध निदेशक के द्वारा रखी जा चुकी है। जिसका उत्पादन अक्टूबर 20121 में हो जाएगा। जल संरक्षण के क्षेत्र कार्डेट परिसर में एक बड़ी झील का निर्माण किया जा रहा है। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक आई टी सेवाएं संतोष शुक्ला ने किया। इस मौके पर इफको मुख्यालय के तकनीकी विशेषज्ञ जीके गौतम, जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत श्रीवास्तव सहित दर्जनों इफको अधिकारी मौजूद रहे।



वर्चुअल प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते इफको के प्रबंध निदेशक उदय शंकर अवस्थी

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी कृषकों को सलाह

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से शुक्रवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेहूँ में प्रति हेक्टयर 60 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा फास्फेट व 40 किग्रा पोटाश बोवाई के समय प्रयोग करें। यदि खरीफ में खेत परती रहा हो या दलहनी फसल ली गयी हो, तो 60 किग्रा की जगह कुल 50 किग्रा नाइट्रोजन डालना होगा। हाँ, अगर हरी खाद का प्रयोग किया गया है तो केवल 40 किग्रा नाइट्रोजन पर्याप्त होगा। लाही की फसल में पत्तियों को खाने वाली आरा मक्खी और बालदार गिडार का नियंत्रण समय से करें। मटर की बुवाई के 40-45 दिन बाद पहली सिंचाई करें। फिर 6-7 दिन बाद ओट आने पर हल्की गुड़ाई भी कर दें। मसूर की बुवाई 20-25 सेंमी की दूरी पर कतारों में करें। बरसीम की बुवाई के 45 दिनों बाद पहली कटाई करें। टमाटर की बसन्त/ग्रीष्म ऋतु की फसल के लिए पौधशाला में बीज की बुवाई कर दें। आंवला में शूट गाल मेकर कीट से ग्रस्त टहनी को काटकर जला दें एवं पेड़ों पर डाईमेथोएट 2 मिली एवं मैकोंजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। ग्लेडियोलस में स्थानीय मौसम के अनुसार सप्ताह में एक या दो बाद सिंचाई करें।

## आवास के लिए विकास भवन में ग्रामीणों ने मचाया हंगामा

**प्रयागराज।** ग्राम पंचायत बरहुला कला दादर के अनुसूचित जाति के लोगों ने आवास की मांग को लेकर विकास भवन में परियोजना निदेशक कार्यालय के सामने जमकर हंगामा। ग्रामीणों का आरोप था कि आवेदन करने के बावजूद जरूरतमंदों को आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने परियोजना निदेशक को ज्ञापन भी सौंपा। बताया जा रहा है कि वे सीडीओ से मिलकर समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई। उन्होंने जल्द समसस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

कोरांव विकास खंड के बरहुला कला दादर गांव के लोगों ने आवास आवंटन की मांग उठाई। गांव की संगीता देवी ने आरोप लगाया कि गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सर्वे किया जाता है। रिपोर्ट भी भेजी जाती है।



आवास के लिए हंगामा करते ग्रामीण

लेकिन, प्रधान और सचिव अपने चहेतों को योजनाओं का लाभ देते हैं। गांव के लोगों ने विकास भवन के परियोजना अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर आवास आवंटन की मांग उठाई। उन्होंने परियोजना निदेशक को ज्ञापन भी सौंपा। बताया जा रहा है कि वे सीडीओ से मिलकर समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई। उन्होंने जल्द समसस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वो दोबारा प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

## अतिक्रमण करने वाला न करे न्याय की उम्मीद : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि खुद अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति साम्या न्याय (इक्विटी) के अधिकार की अपेक्षा नहीं कर सकता है। उसे इसके आधार पर न्याय नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने गांव सभा की जमीन पर अवैध कब्जा कर बने स्कूल की जमीन के बदले दूसरी जमीन देने के प्रस्ताव पर विचार करने का आदेश जारी करने की मांग में दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र ने श्यामदेव की याचिका पर दिया है। याची का कहना था कि उसने आजमगढ़ की सदर तहसील के देवरिया खालसा गांव में गांव सभा की जमीन पर स्कूल भवन निर्माण कर लिया है। इस जमीन के बदले में वह अपनी जमीन देने को तैयार है। इस आशय की अर्जी 15 नवंबर 18 को उप जिलाधिकारी को दी है। इसके बावजूद प्रशासन स्कूल भवन के ध्वस्तीकरण पर आमादा है। याची ने उसकी अर्जी तय होने तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग की थी। कोर्ट ने अतिक्रमणकारी को राहत देने से इंकार कर दिया है।

## प्रयागराज में 15 हजार स्ट्रीट वेंडरों को रोजगार के लिए दिए जा चुके हैं 10000 रुपए के लोन

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री स्वनिधि रोजगार योजना के तहत जिले के करीब 15 हजार स्ट्रीट वेंडरों को अपने रोजगार को पुनर्स्थापित करने के लिए 10 हजार रुपये के लोन दिए जा चुके हैं। इसमें से 10440 वेंडरों के खाते में पैसे जा भी चुके हैं। इससे इन स्ट्रीट वेंडरों ने नए सिरे से अपने रोजगार भी शुरू कर दिए हैं। रोजगार चमकने से इनके परिवारों में खुशहाली भी आने लगी है। लॉकडाउन में खत्म हो चुके स्ट्रीट वेंडरों के रोजगार को फिर से स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि रोजगार योजना ने शुरू की है। इस योजना के तहत जिले में 57 हजार स्ट्रीट वेंडरों को रोजगार के लिए 10 हजार रुपये के लोन देने का लक्ष्य तय किया गया है। लोन वितरण कराने की जिम्मेदारी डूडा को दी गई है। विभाग की ओर से अब तक 29157 स्ट्रीट वेंडरों का चयन किया जा चुका है। इसमें से 24172 वेंडरों का ऑनलाइन आवेदन भी भरा जा चुका है और 15 हजार को लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं। 10440 वेंडरों के खाते में रकम भी जा चुकी है। डूडा के अलावा नगर निगम के सभी पांच जोन कार्यालयों में ऑनलाइन आवेदन भराए जा रहे हैं। हालांकि, नेटवर्क की समस्या होने से आवेदन करने में दिक्कतें भी पेश आ रही हैं।

डूडा की परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह कहती हैं कि इस योजना का संचालन 2022 तक होना है। तब तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए डूडा के अलावा सभी जोन कार्यालयों में भी आवेदन भराने की प्रक्रिया चल रही है।

## मण्डलायुक्त ने धान क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के दिए निर्देश



बैठक में निर्देश देते मण्डलायुक्त

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में धान खरीद की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारियों को धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है कि धान खरीद के सम्बंध में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को धान खरीद का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त सभी जनपदों के अपर जिलाधिकारियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन अनिवार्य रूप से बैठक करते हुए धान खरीद की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर धान खरीद से सम्बंधित दर्ज होने वाली शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा है कि धान की बिक्री करने में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने कहा है कि धान क्रय केन्द्रो पर नमी मापक यंत्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध रहें। मण्डलायुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि धान खरीद में किसी भी तरह से बिचैलियों का हस्तक्षेप न होने पाये, किसान सीधे क्रय केन्द्रों पर अपने धान की बिक्री करें, जिससे कि सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य उन्हें मिल सके। उन्होंने कहा है कि यदि कहीं से भी धान खरीद में बिचैलियों की शिकायत पायी गयी तो ऐसे केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सभी धान क्रय केन्द्र प्रभावी ढंग से क्रियाशील रहे। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि यदि कहीं से भी क्रय केन्द्रों के बंद होने की शिकायत पायी गयी तो सम्बंधित केन्द्र प्रभारियों एवं सम्बंधित नोडल अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। कहा है कि सभी क्रय केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से नोडल अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। मण्डलायुक्त ने कहा है कि प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष अनिवार्य रूप से धान क्रय की प्रगति सुनिश्चित रहे। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि धान की बिक्री करने वाले किसानों के खाते में उनका पैसा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अवश्य पहुंच जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को धान खरीद के शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को नियमित रूप से धान खरीद की समीक्षा करते रहने का निर्देश दिया है।

बैठक में आरएफसी श्री देवराज यादव ने बताया कि इस वर्ष मण्डल का धान क्रय का लक्ष्य 4 लाख 40 हजार मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मण्डल में कुल 293 धान क्रय केन्द्र खोले गये है। उन्होंने यह भी बताया कि बोरे की पर्याप्त व्यवस्था है। बैठक में अपर आयुक्त- भगवान शरण, उप निदेशक मण्डी सहित मण्डल के सभी जिलों के डिप्टी आरएमओं सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 कर्मचारी एवं अधिकारी चयनित

**प्रयागराज।** भारतीय रेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को प्रतिवर्ष रेल सप्ताह समारोह के दौरान सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्तमान वर्ष 2020 के रेल सप्ताह पुरस्कारों के लिए घोषित रेल कर्मियों की सूचि मे उत्तर मध्य रेलवे के 6 कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चयनित किया गया है।



इन 6 कर्मियों में राम निवास बघेल -ट्रैक मेंटेनर ग्रेड X-iv, श्री राम तपस्वी लोको पायलट, ब्रह्म नारायण मिश्रा मुख्य सतर्कता निरीक्षक, विकास केशरी सहायक कारखाना प्रबंधक, शांतनु गुप्ता सहायक मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, बिजयी प्रसाद एक्जीक्यूटिव इंजीनियर शामिल हैं।

ज्ञात हो कि, रामनिवास पुत्र आदिराम ट्रैक मेंटेनर ने दिनांक 01.12.2019 एवं 08.12.2019 को अन्नतपेठ-डबरा सेक्शन के मध्य एवं अन्नतपेठ यार्ड में मेगा ब्लाक के दौरान पूरी निष्ठा एवं कुशलता के कार्य करते हुए कट और होल को सही तरीके से किया गया जिससे अप रोड का टीआरआर क्रमशः 780 मीटर एवं 800 मीटर सफलता पूर्वक किया जा सका। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा दैनिक कार्य निष्पादन में कुशलता का परिचय दिया गया और इन्होंने डबरा यार्ड डाउन रोड में प्वाइं नंबर 102 बी और 111 बी के फिश प्लेटों के ज्वाइंटों के विजुअल एक्जामिशन करते समय दो फिश प्लेट क्रेक पकड़ी और उन्हें तुरंत बदला।

रामनिवास बघेल पुत्र राधे राम लोहार का कार्य ईमानदारी, सजगता एवं तत्पर्ता से करने के कारण टीआरआर में एक अच्छी उपलब्धि प्राप्त की जा सकी एवं डबरा यार्ड में समय से पहले फेश प्लेट के क्रेक को पकड़ कर दूर किया जिससे रेलवे यातायात असुरक्षित होने से बचाया जा सका। इसी प्रकार दिनांक 15.08.2019 को राम तपस्वी, लोको पायलट मुख्यालय कानपुर गाड़ी संख्या 12393 इंजन संख्या 39028/TKD कानपुर-दिल्ली खण्ड में गाड़ी कार्य करने हेतु बुक किये गये थे। इन्होंने कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर गाड़ी का चार्ज प्लेटफार्म नं.-1 पर लिया। उस समय वर्षा हो रही थी तथा एक तरफ प्लेटफार्म होने के कारण गाड़ी को चेक करना कठिन था। इसके बावजूद भी क्रू ने इंजन के अण्डरफेम निरीक्षण के दौरान पाया की ट्रैक्शन लिंक बार नं. 2 टूटा हुआ है। यह गाड़ी संचालन के लिए सुरक्षित नहीं था। इन्होंने स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए तुरन्त कर्षण लोको निरीक्षक तथा ऑन ड्यूटी क्रू नियंत्रक को बताया, जिनकी सूचना पर मौके पर मेन्टेनेंस स्टाफ तथा मुख्य लोको निरीक्षक पहुँचे। जॉच करने पर पाया कि स्थिति बेहद खतरनाक है, जो संचालन के लिए सुरक्षित नहीं है। अतः लोको को गाड़ी से कटवा कर शेड भेजा गया।

इनकी इस सजगता और कर्तव्यनिष्ठ कार्य निष्पादन से रेल संचालन को सुरक्षित बनाने में सहायता मिली। इस उल्लेखनीय योगदान एवं रेलवे में तकनीकि प्रगतिशील कार्य के दृष्टिगत लोको पायलट राम तपस्वी को रेल मंत्री पुरस्कार हेतू चयनित किया गया।

## बदमाशों ने फिर दी पुलिस की चुनौती, महिला के गले से उड़ाया जंजीर

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एग्रीकल्चर पुलिस चौकी अंतर्गत शुक्रवार सुबह गंगोत्री नगर के विनायक नगर मोहल्ले की रहने वाली राधा सक्सेना पत्नी राजीव सक्सेना घर के बाहर फूल तोड़ रहीं थी। तभी स्क ?टी सवार बदमाश पहुंचे और उनके गले से सोने की जंजीर खींचकर फरार हो गए। गुरूवार पूरे दिन और रात भर नैनी की गलियों की खाक छानने वाली पुलिस के लिए शुक्रवार सुबह की घटना चुनौती की तरह हो गई है। हालांकि इस घटना में सीसीटीवी फुटेज तो नहीं मिला है, लेकिन पीड़िता का कहना है कि दोनों बदमाश प्लेजर स्कूटी से थे। जिससे आशंका है कि ये वही स्कूटी सवार बदमाश हैं, जो आईजी रेंज के रिश्तेदार समेत अन्य महिलाओं के साथ छिनैती की वारदात कारित कर चुके हैं।

## नार्थ सेंट्रल रेलवे कर्मचारी संघ : कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण कराने की बताई प्राथमिकता

**प्रयागराज।** नार्थ सेंट्रल रेलवे कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ प्रधान कार्यालय राजरूपपुर में बैठक आयोजित की। शुक्रवार को हुई बैठक में प्रस्तावित मान्यता प्राप्त चुनाव में प्रचार-प्रसार करने और कर्मचारियों को नार्थ सेंट्रल रेलवे कर्मचारी संघ को वोट करने की अपील करने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान सभी की भागीदारी रही।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बीएन मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्या का निदान कराने की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसा न करने वाली यूनियन को वोट नहीं करना चाहिए, जो संगठन कर्मचारी के हितों में कार्य करेंगे। उसे इस बार भारी बहुमत से विजयी बनाना चाहिए। मंडल मंत्री श्याम सिंह भदौरिया ने सभी लोगों का उत्साह बढ़ाया। बैठक



नार्थ सेंट्रल रेलवे कर्मचारी संघ

में एससी अब्बास, सीआईटी बीके उपाध्याय, गोरख दत्त, सीआईडी अवधेश पांडेय, शाखा सचिव बृजेश कुमार, ओएस ऑफिस बीडी शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष राम लखन, शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार, केदारनाथ, ओएसएसएस राजकिशोर, गार्ड विनोद कुमार, ओएस दशरथ लाल, गार्ड आदि उपस्थित रहे।

## अब दो से अधिक असलहे नहीं रख पाएंगे 13 दिसंबर तक करना होगा सरेंडर

**प्रयागराज।** जिनके पास दो से अधिक असलहे हैं, उन्हें अब उन अतिरिक्त असलहों को सरेंडर करना होगा। असलहा सरेंडर करने के लिए 13 दिसंबर तक का समय दिया गया है। इस समय तक असलहा सरेंडर न करने पर प्रशासन उसे जब्त कर लिया जाएगा। अब तक कोई भी व्यक्ति अधिकतम तीन असलहा ले सकता है। इस नियम के तहत जिले में करीब दौ सौ लोगों के पास तीन-तीन असलहे हैं। लेकिन अब इसमें कटौती कर दी गई है। प्रभारी अधिकारी शस्त्र व सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्रा ने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति दो से अधिक असलहे का लाइसेंस नहीं ले सकता है। यह तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इसलिए जिन लोगों के पास दो अधिक असलहा है, वह जल्द से जल्द नजदीकी थाने में सरेंडर कर दे। सरेंडर करने की प्रक्रिया 13 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद जिन लोगों के पास तीन असलहा रहेगा, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वैसे जिले भर में करीब 47 हजार असलहे हैं। इसमें से करीब आधे तो ऐसे लोगों के पास है, जो सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। जबकि अन्य लोग अपनी सुरक्षा के लिए रखे हैं। उन्होंने बताया कि आर्म्स एमेंडमेंट एक्ट 2019 के तहत यह बदलाव किया गया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## तीन से चार डिग्री गिरा तापमान, सर्दी के दिखेंगे तेवर

**प्रयागराज।** मौसम में बदलाव लगातार जारी है। बीते वर्ष नवंबर से तुलना करें तो पारा खासकर रात में तीन से चार डिग्री नीचे गिरा है। आगे भी तापमान के और गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है। साथ ही ठंड भी इस बार ज्यादा पड़ सकती है। चार नवंबर को अधिकतम तापमान 31:03 रहा, जबकि न्यूनतम 14:06 रहा। पिछले साल चार नवंबर की बात करें तो अधिकतम 32: 04 व न्यूनतम पारा 22:03 रहा। वहीं तीन नवंबर को अधिकतम 30:05 व न्यूनतम 15:06 डिग्री रहा, जबकि बीते वर्ष की तीन नवंबर को 33:07 व न्यूनतम 18:08 रहा। दो नवंबर की तुलना करें तो बहुत अंतर दर्ज नहीं किया गया। इस वर्ष दो नवंबर को अधिकतम 31:03 व न्यूनतम 18:06 रहा। बीते वर्ष इसी दिन अधिकतम 31:05 व न्यूनतम पारा 18:06 रहा था। एक नवंबर को अधिकतम 30:09 व न्यूनतम 15: 09 रहा, जबकि बीते वर्ष दिन में 30:01 व रात में 19:08 डिग्री तापमान रहा था। मौसम में बदलाव के संबंध में इविवि के प्रोफेसर एचएन मिश्र कहते हैं कि बंगाल की खाड़ी में दबाव व ला निना नाम की सागरीय लहर बनने से तापमान में कमी आई है। 2009 के बाद नवंबर में ऐसा मौसम बन रहा है।

## एनएसयूआई ने आयोजित किया छात्र संवाद कार्यक्रम

**प्रयागराज।** शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई प्रयागराज द्वारा आयोजित जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर के नेतृत्व छात्र संवाद कार्यक्रम हुवा जिसमे निराला सभागार में सैकड़ो छात्रों की हुजूम इस संवाद कार्यक्रम में हिस्सा रहें। मुख्य अतिथि के रूप में ठरवक के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में सह-प्रभारी अंशु मिश्रा जी ने छात्रों को बताया कि एनएसयूआई छात्र हितों की लड़ाई के लिए सदैव अग्रसर रही है, हम छात्र की हितों के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को जोड़ेंगे। साथ ही कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री सुरेश यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विवेकानंद पाठक, पूर्व छात्र नेता विकास तिवारी, इलाहाबाद कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी रोहन सिंह माधवी राय आदि लोग मुख्य वक्ता रहें।




छात्र संवाद कार्यक्रम में उपस्थित छात्र

कार्यक्रम की संचालन जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने किया व स्वागताध्यक्ष सत्यम कुशवाहा थे। कार्यक्रम के अंत में सैकड़ो छात्रों ने आज ठरवकजॉइन किया। छात्र संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से- राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी अविनाश यादव,सह प्रभारी अंशु मिश्रा ,जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, पीसीसी महासचिव विवेकानंद पाठक, पूर्व महामंत्री सुरेश यादव, अकमल इमाम, वरिष्ठ नेता रोहन सिंह, वरिष्ठ नेता विकास तिवारी, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह, माधवी राय, प्रिया गौर, सुभाष यादव, बृजेश गौतम, अभिनीत कुशवाहा, पूर्व एडीसी अध्यक्ष रजनीश तिवारी, इकाई अध्यक्ष सत्यम कुशवाहा, हरिकेश हैरी, पृथ्वी प्रकाश तिवारी, एहतेशाम अहमद, धनंजय कुशवाहा, सत्यम शुक्ला शिवम शुक्ला, कोमलाक्ष गिरी, प्रवीण यादव, अभिषेक द्विवेदी, मुरारी, वैभव सिंह, अभिषेक सिंह, सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### दर्शन से लौट रही वृद्धा की चैन छीना

**पट्टी, प्रतापगढ़ ।** बेल्हा देवी धाम से दर्शन कर लौट रही 65 वर्षीय वृद्धा को बदमाशों ने एकांत में ले जाकर सोने की चैन छीनकर फरार हो गए ।मामला पट्टी कोतवाली के पट्टी कस्बे से जुड़ा हुआ है। क्षेत्र के पट्टी कस्बा कुम्हिया निवासिनी अवकाश प्राप्त शिक्षिका नन्हका देवी उम्र 65 वर्ष शुक्रवार की सुबह 10 बजे के करीब बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ दर्शन करने गई थी, वहां से दर्शन करने के बाद वृद्धा जिला चिकित्सालय के पास फल खरीद रही थी इसी बीच वहां पहुंचे दो युवक उसे अस्पताल परिसर के एकांत में ले गए जहां पर चाकू व असलहा निकालकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके गले से डेढ़ तोले की चैन छीनकर फरार हो गए ।

### तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के खजुरी गांव के श्यामलाल की पत्नी पुष्पा देवी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती अटठाईस अक्टूबर को दिन मे तीन बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव के राजेश, विमलेश तथा अवधेश ने उसे घर मे घुसकर लाठी डंडे से मारापीटा। बीचबचाव के लिए उसका पति आया तो आरोपियो ने उसे भी गाली देते हुए मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

### पांच आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा बलवा का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा बलवा व धमकी का केस दर्ज किया है। जलेशरगंज के सुरेश विश्वकर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती एक नवंबर को दस बजे सुबह दुकान के सामने वाहन खड़ा होने के विवाद मे गांव के हंसराज, मुकेश, सरोज, रेशमा व करिश्मा मारपीट करते हुए गालीगलौज किया। शोर मचाने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी दी। हमले मे पीडित सुरेश को लाठी डंडे से पीटकर आरोपियो ने अधमरा कर दिया। तहरीर के आधार पर गुरूवार की रात आरोपी हंसराज समेत पांच के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## ट्रक की चपेट मे आने से अधेड़ की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के लालगंज-कालाकांकर हाइवे पर ट्रक की टक्कर से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही आननफानन मे पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे मे लिया। कोतवाली के पीताम्बर का पुरवा मोठिन गांव का प्रमोद दुबे 55 पुत्र माता प्रसाद बेलहा के समीप सड़क पर टहल रहा था। दिन मे करीब तीन बजे मुडियन का पुरवा के पास संग्रामगढ़ से लालगंज की ओर आ रही एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। सूत्रों के मुताबिक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया प्रमोद टहलते टहलते बेलहा के पास आ गया। ट्रक का प्रमोद पर टायर चढ़ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। उसका क्षतविक्षत शव देख राहगीर व गांव के लोग मौके पर जुट गये। सूचना मिलने पर कोतवाली के एसएसआई रामअधार यादव तथा दरोगा सुनील राय आननफानन मे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर देर शाम पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इधर दुर्घटना मे प्रमोद की मौत से उसके घर कोहराम मच गया।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। तहरीर पर पुलिस ने इत्तेफाकिया सूचना दर्ज की है। सांगीपुर थाना के लखरांव निवासी राकेश कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका छोटा भाई संजय जायसवाल 40 बीते सोमवार को बाइक से पडोस के हरमापुर गांव जा रहे थे। गांव के समीप अचानक सडक पर आये मवेशी से बाइक की टक्कर हो गयी। दुर्घटना मे घायल संजय को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। हालात गंभीर होने पर घायल को प्रयागराज से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। गुरूवार की रात संजय ने दम तोड़ दिया। मृतक की मौत की सूचना घर आते ही शुक्रवार को कोहराम मच गया।

### युवाओं ने चलाया गांव में स्वच्छ्ता अभियान

**कुंडा, प्रतापगढ़।** बाबागंज के रघुबर गांव में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को युवाओं ने धार दी। अभियान के तहत युवाओं ने गांव के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों, गलियों व सड़कों पर सफाई की। डॉ. अरविन्द मिश्र ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाई जाए तो घर, परिवार, समाज से लेकर देश में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। अभियान के दौरान युवाओं ने ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और गंदगी नहीं करने को प्रेरित किया। इस मौके पर शुभम, निखिल, रमन, ऋषि, राहुल, रजत, ओम नारायण, शिवम्, हरिशंकर, मेवालाल, अयोध्या प्रसाद, हर्षित, आदित्य आदि मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में पानी ले जाने से मना करते हुए पड़ोसियों ने अधेड़ को जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया । मामला कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुखचैन गांव का है । क्षेत्र के पूरे सुखचैन निवासी छोटकउ उर्फ छोटे लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया है कि गुरुवार की शाम करीब 6 बजे समरसेबल पंप से अपने खेत में पानी ले जा रहा था इसी बीच पड़ोसी राजकुमार, हरीश कुमार, उमेश कुमार, शिवचरण, राम सिंह गाली गलौज करते हुए उसे खेत में पानी ले जाने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिए ।

## पलकों में आकाश संग्रह से सम्मानित की गईं बालिकाएं

**सृजना साहित्यिक संस्था उ० प्र० के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत एक शाम ज्योति त्रिपाठी के नाम कार्यक्रम हुआ आयोजित**



सम्मानित होने वाले बालिकाएं

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उ. प्र. के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत एक शाम ज्योति त्रिपाठी के नाम कार्यक्रम हुआ आयोजित किया गया। सरस कुटीर प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं के मध्य मेरा जीवन,मेरा मकसद विषय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई ।प्रतियोगिता की प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर उन्हें ज्योति त्रिपाठी द्वारा लिखित काव्य संग्रह पलकों में आकाश देकर सम्मानित किया गया । गौरतलब है कि ज्योति त्रिपाठी अभिनीत फिल्म भूताहा 9 नवंबर 2020 को ओ०टी०टी० प्लेटफॉर्म मूवीज - हाथ में सिनेमा हाल पर रिलीज हो रही है ।यह विश्व की पहली एकल कैरेक्टर फिल्म है ।फिल्म की समयावधि 1घंटे 40 मिनट है। रूपेश कुमार सिंह निर्देशित यह फिल्म एक जर्नलिस्ट लडकी की कहानी पर आधारित है। कार्यक्रम के आरंभ में महामानव भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमुख साहित्यकार डा. दयाराम मौर्य श्रत्नश ने बालिकाओं को मिशन शक्ति के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें ज्योति त्रिपाठी के संघर्ष से प्रेरित होकर अपने आपको हर क्षेत्र में मजबूती से आगे लाने और अपना एवं परिवार का नाम रोशन करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी रोशनलाल ऊमर वैश्य ने कहा कि बालिकाओं में असीम शक्ति होती है ।लगन और मेहनत से कोशिश करके हर लडकी ज्योति त्रिपाठी की तरह सफल होकर पूरे देश में नाम कमा सकती है। विशिष्ट अतिथि अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने कहा- बेटियों में अपार शक्ति एवं संभावनाएं होती हैं ।अतः आप सभी स्वयं को हर क्षेत्र में बेहतर करने हेतु तैयार करें ।ज्योति त्रिपाठी सभी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। चार कहानी संग्रह के लेखक एवं ज्योति त्रिपाठी के पिता प्रेम कुमार त्रिपाठी श्प्रेमश ने बेटियों के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति को अनिवार्य बताते हुआ कहा कि ज्योति ने न केवल उनका बल्कि पूरे जनपद का नाम गौरवान्वित किया है ।लेखक एवं कार्यक्रम के आयोजक श्रीनाथ मौर्य श्सरसश ने बेटियों से हर क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि ज्योति ने पूरे देश में बेल्हा का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के संचालक एवं लेखक अनिल कुमार निलय ने कहा कि ज्योति त्रिपाठी का संघर्ष और सफलता हम सभी के लिए नजीर है ।भूताहा फिल्म निश्चित रूप से ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी ।कार्यक्रम में शशी मौर्य, माया त्रिपाठी, काजल, ममता, पुष्पा, पूनम, साक्षी, अनीषा, सृष्टि, अंजू, मंजू, पूनम, जितेन्द्र कुमार मौर्य, सिद्धांत शेखर, वैभव कौशल, आदर्श, सूरज, विवेक आदि उपस्थित रहे। सभी ने ज्योति त्रिपाठी की आने वाली फिल्म भूताहा के लिए शुभकामनाएं दी एवं उसकी ऐतिहासिक सफलता की कामना की।




ब्रह्म समाज के पदाधिकारियों व पत्रकारों का किया सम्मान

## ब्रह्म समाज के पदाधिकारियों व पत्रकारों का किया सारस्वत सम्मान

**प्रतापगढ़।** विकासखंड मांधाता के सराय राजा गांव में मां कल्याणी देवी एवं बाबा कल्याणशेवर धाम के प्रांगण में कर्मकांडी ब्राह्मण शंखनाद महासभा का आयोजन जांबाज हिन्दुतानी सेवा समिति संत सम्मान समारोह में प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ जनपद के प्रकांड विद्वानों एवं ब्रह्म समाज के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान किया गया । इस महासभा के द्वारा तथा क्षेत्र एवं दूरदराज से आये सम्मान समारोह में कई महान बिभूतियो का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता माता बख्श मिश्र उर्फ कुल्लुर ने किया, संचालन आलोक तिवारी ने किया ।

## भोजपुर में रामलीला का हुआ शुभारम्भ



नारद मोह से शुरू हुआ रामलीला का मंचन

**प्रतापगढ़।** जनपद के मान्धाता ब्लाक क्षेत्र के बरहुआ भोजपुर मे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन रामलीला मंचन के द्वारा दिखाए जाने का आगाज ग्राम प्रधान एंव रामलीला के आयोजक डा.रामसिंह द्वारा मंच के पूजन के साथ हुआ । मंच पूजन के पश्चात रामलीला मंचन के दौरान विगत कई वर्षों से हार्मोनियम पर अपने जादुई उंगलियों से सबको सम्मोहित करने वाले मो. जाबिर के असमायिक एंव अकस्मात बीते कुछ माह पूर्व देहावसान पर रामलीला के सम्पूर्ण कलाकारों द्वारा दुख ब्यक्त करते हुए उनके याद मे ईश्वर से प्रार्थना किया गया । इसके पश्चात रामलीला के प्रथम दिवस मे शिव पार्वती संवाद, नारद द्वारा समाधि लगाना, इंद्र दरबार, इंद्र का घबराना, अप्सराओं द्वारा तप खंडित करना, कामदेव द्वारा नारद की तपस्या भंग करना, क्षमा मांगना, शिवलोक पर नारद का आगमन - प्रस्थान, शिव गणों को भेजना, ब्रह्मलोक पर नारद का आगमन प्रस्थान, विष्णु लोक पर नारद का आगमन - प्रस्थान, योग माया द्वारा राज्य निर्माण, नारद द्वारा मृत्युलोक भ्रमण, पुरवासियों द्वारा शीलनिधि के महल जाना, शीलनिधि दरबार पर नारद जी व पुरवासियों का आना, नारद जी द्वारा स्वयंबर की सलाह देना, नारद द्वारा विष्णु प्रार्थना प्रकट होना वर देना, विश्वमोहिनी स्वयंबर, राजाओं का आगमन, नारद का कपिरुप मे आगमन विष्णु का आगमन, विश्वमोहिनी द्वारा विष्णु को जयमाला डालना, शिवगणों द्वारा नारद का रुप बताना, विष्णु का मिलना नारद द्वारा श्राप देना, मनु सतरुपा तप, आकाशवाणी होना, विष्णु का प्रकट होकर वर देना, रावण कुम्भकर्ण व विभीषण की तपस्या, ब्रह्म का प्रकट होकर वर देना, राक्षसों का अत्याचार ऋषियों को सताना, रावण द्वारा कैलाश मानसरोवर का अहंकार करना, रावण दरवार मे सैनिकों का प्रवेश करके सभी देवताओं को पेश करना नारद शिव ब्रह्म व ऋषियों का संवाद सबके द्वारा विष्णु की प्रार्थना करना, आकाशवाणी होना आदि दृश्यों को अनुभवी कलाकारों द्वारा दिखाया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा । इस दौरान प्रमुख कलाकारों मे डा. रामसिंह, डा.श्याम सिंह, ननकू तिवारी, विजय तिवारी, मेघनाद यादव, सरबजीत, ननकू तिवारी, सनी सिंह, शिवपूजन, त्रिभुवन सरोज, हास्य कलाकार शिवप्रसाद विश्वकर्मा, पप्पू सरोज, भारतलाल कनौजिया, राहुल प्रजापति, अंजेश कनौजिया आदि के द्वारा किए गए अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक मंच से जोड़े रखा।

## हरे फलदार पेड़ों को काटकर ईट भट्ठों में किया जा रहा भण्डारण

**ईट भट्ठों में प्रत्येक वर्षो में आग लगाने में 700 से 800 ट्रक लकड़ियो की होती है खपत**

**कौशांबी।** ईट भट्टे हमेशा से हरे फलदार पेड़ों के दुश्मन हैं ईट भट्टे की चिमनिया जब धुआं उगलती है तो आसपास के पेड़ झुलस जाते हैं और इन ईट भट्ठा में जब नवंबर दिसंबर के माह में ईटा पकाई के लिए आग लगाई जाती है तो लकड़ियों की जरूरत होती है और इन लकड़ियों को एकत्र करने के लिए ईट भट्ठा संचालक लकड़ी माफियाओं का सहारा लेते हैं लकड़ी माफिया हरे फलदार पेड़ काटकर ईट भट्ठों तक पहुंचा कर र ऐंठ लेते हैं लकड़ी माफिया तो सरकारी सड़क के किनारे हरे फलदार पेड़ों को भी काट कर ईट भट्ठों में पहुंचा देते हैं। आंकड़ों के मुताबिक कौशांबी जिले में 200 से अधिक ईट भट्ठे संचालित होते हैं और प्रत्येक भट्टे ईट में ईंट भराई के बाद आग लगाने में तीन चार ट्रक लकड़ियों की जरूरत होती है जिसकी पूर्ति लकड़ी माफिया करते हैं आंकड़ों पर जाएं तो ईट भट्ठों में प्रत्येक वर्षों में आग लगाने में 700 से 800 ट्रक लकड़ियों की खपत होती है और इस वर्ष भी भट्टों में लकड़ियों का लागभग भंडारण हो चुका है अब कहां पेड़ काटे गए हैं इसके आंकड़े वन विभाग के पास नहीं है यदि ईट भट्ठा का औचक निरीक्षण किए जाए तो हरी लकड़ियों का भंडारण अभी भी ईट भट्ठों में मिल सकता है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बहन के घर से वापस गांव लौट रहा था बाइक सवार युवक**



हादसे के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़

**चरवा कौशांबी।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के गुगवा बाग के पास बाइक सवार युवक को बालू लदे दस चक्का ट्रक ने रौंद दिया है जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पिपरी पूरामुफ्ती थाना की पुलिस पहुंच गई है और घटनास्थल गुंगवा का बाग पर भीषण सड़क हादसे में मृतक युवक के लाश को कब्जे में लेकर पूरा मुफ्ती पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर सभी के आंखों में गम के आंसू देखे जा रहे हैं ।घटनाक्रम के मुताबिक पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के महगाव गांव निवासी अर्जुन पाल उम्र लागभग 35 वर्ष पुत्र राधेश्याम पाल अपने बहन के यहां नया मियां का पूरा चायल गया था शुक्रवार को दोपहर बाद लगभग 3:00 बजे वह अपनी बहन के यहां से घर महगाव वापस जा रहा था जैसे ही बाइक सवार गुंगवा के बाग के पास पहुँचा कि अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार दस चक्का ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दीया दस चक्का ट्रक के टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अर्जुन पाल की मौके पर ही मौत हो गई सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पिपरी पुलिस व पूरामुफ्ती पुलिस पहुंच गई है हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तहसीलदार के आदेश पर फिर भारी पड़े लेखपाल

**ऊनो ग्राम पंचायत के तालाबी भूमि पर खेती कर उपज उठा ले जाने का मामला**

**कौशांबी।** राजस्व विभाग में लेखपालों की मनमानी कम होती नहीं दिख रही है शासन प्रशासन से लेकर तहसील के आदेश में मनमानी करने से लेखपाल नहीं बाज आ रहे हैं राजस्व कर्मियों की मनमानी के चलते राजस्व के मामलों का निस्तारण नहीं हो पाता है और सरकार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है लेकिन इन राजस्व कर्मियों के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनो ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत ऊनो के तालाबी आराजी संख्या 306 470 475 252 आदि रकबा 6 बीघे पर अवैध रूप से कब्जा कर माफियाओं ने खेती करना शुरू कर दिया तालाबी भूमि पर पिछले कई वर्षों से खेती किए जाने की शिकायत ग्रामीण तहसील से लेकर शासन तक कर रहे हैं इस वर्ष भी आराजी संख्या 306 477 475 और 252 में भू माफियाओं ने धान की खेती कर रखी थी मामले की कई बार तहसील से लेकर जिला स्तर तक और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतें होने के बाद तहसीलदार ने 2 नवंबर को पांच राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर तालाबी भूमि के भूखंडों का सीमांकन के उपरांत अवैध अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निर्देशित किया और साथ ही साथ तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि टीम गठित को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त अनुसार कार्यवाही पर संयुक्त हस्ताक्षर से 06 नवंबर तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तालाबी भूमि पर माफियाओं की धान की फसल खड़ी थी तहसीलदार के आदेश के बाद तालाबी भूमि का सीमांकन नहीं हो सका और 5 नवंबर को रात में माफियाओं ने मशीन लगाकर 100 कुंतल से अधिक धान की फसल काट ली इस मामले की भी सूचना शिकायत कताओं ने तहसील में देने की कोशिश की लेकिन सूचना लेने वाला ही कहीं नहीं था रात 10:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गयी मौके पर पुलिस पहुंची शिकायतकर्ता कताओं से पुलिस ने तहसीलदार के आदेश की कॉपी भी मांगी इस पर शिकायत कताओं ने तहसीलदार के आदेश की कॉपी उपलब्ध कराई कई घंटे तक धान लदे ट्रैक्टर सिपाहियों के सामने खड़े रहे लेकिन तालाबी भूमि से तैयार हुई उपज को माल खाने में जमा कराने का प्रयास करने के बजाए उसे छोड़ दिया गया है। अब यह कह लिया जाए कि लूटता रहा सरकारी खजाना सोते रहे राजस्व कर्मी लेकिन खजाने के माल को वापस खजाने में नहीं ला सके हैं। इस बात को लेकर जनता के बीच चचाएं हो रही हैं।

## पुलिस वर्दी वालों को कौन पढ़ायेगा कानून का पाठ!

**बाइक पर तीन सवार खुली पिस्टल लेकर चलने में उपनिरीक्षक समझ रहे है अपना रुआब**



खुली पिस्टल लेकर बाइक से जा रहे उपनिरीक्षक

**कौशांबी।** आम जनता को कानून का पाठ पढ़ाने के लिए पुलिस महकमे की व्यवस्था की गई है लेकिन जिन्हें कानून का पाठ पढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं तो यूपी सरकार का कानून कैसे लागू होगा यह व्यवस्था पर सवाल है। जनपद मुख्यालय मंझनपुर बाजार की सड़क पर शुक्रवार को तीन बजे एक बाइक में पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोग बैठे हैं आम जनता को तीन लोगों पर चालान करने वाली पुलिस को बाइक में तीन लोगों पर कौन चालान करेगा मंझनपुर चौराहे पर यातायात के सिपाही मौजूद है लेकिन उनकी हिम्मत पुलिस उपनिरीक्षक का चालान करने की नहीं पड़ी है बाइक चालक हेलमेट भी नहीं लगा रखा है फिर भी यातायात माह में जांच की बात करने वाली यातायात पुलिस ने बाइक से बिना हेलमेट के तीन लोगों के जाने पर चालान नहीं किया। इतना ही नहीं बाइक के पीछे जो उपनिरीक्षक बैठे है उसने कमर में पिस्टल खोस रखी है उपनिरीक्षक के कमर में खोसी गई पिस्टल में कवर नहीं है खुली पिस्टल लेकर चलने वाला उपनिरीक्षक इसमें अपना रौब समझ रहा है अब इन उपनिरीक्षकों को कौन कानून का पाठ पढ़ाया इसका उत्तर आम जनता चाहती है।

## जर्जर भवन के सहारे जिंदगी काट रहे पुलिसकर्मी

**जर्जर पुलिस चौकियों में सिपाही तैनाती होने से बचते रहते हैं**



जर्जर भवन का दृश्य

**कौशांबी।** समाज के लोगों को सुरक्षा देने वाले पुलिस कर्मी खुद असुरक्षित भवन में रह रहे हैं पुलिस महकमे द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी पुलिस की मुसीबत बढ़ सकती हैं और जर्जर भवन कभी धराशाही हो सकता है और इसमें रहने वाले पुलिसकर्मी हादसे के शिकार हो सकते हैं लेकिन इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि पुलिस चौकी निर्माण के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है और बजट के अभाव में पुलिस चौकी का निर्माण नहीं हो सका है बरियावां सिंधिया टेडीमोड मूरतगंज सहित विभिन्न पुलिस चौकियों में पुलिस कर्मियों के रहने की ब्यवस्था ठीक नही है लेकिन पुलिस अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। थाना चरवा की पुलिस चौकी बरियावां गांव के पंचायत भवन में स्थित है यह भवन जर्जर है यहाँ ना तो पुलिस कर्मियों को लेटने की व्यवस्था ना तो कोई सुविधा है समस्याओं से ग्रसित भवन मे पुलिसकर्मी परेशानी से समय ब्यतीत कर रहे हैं बरियावां के लोगों का कहना है की पंचायत भवन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है इससे गांव वालों को बहुत दिक्कत होती है पुलिस चौकी बरियावां को भूमि दे दिया गया है लेकिन तब भी अपनी चौकी पुलिस विभाग नहीं बनवा रहे हैं इससे गांव वाले कई बार शिकायती पत्र भी दे चुके हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है पंचायत भवन में चल रही पुलिस चौकी से पंचायत का भी काम बाधित हो रहा है सिंधिया और भरवारी पुलिस चौकी भी पंचायत भवन में ही चल रही है लेकिन भरवारी के लोगों ने चंदा एकत्रित कर और विधायक संजय गुप्ता ने निधि देकर इस पुलिस चौकी में कुछ कमरे बनवा दिए हैं जिससे पुलिसकर्मियों को रहने की दिक्कतें दूर हो गयी लेकिन सिंधिया पुलिस चौकी की स्थिति अभी भी खराब है यही स्थिति अन्य पुलिस चौकियों का भी है जहां सिपाहियों के रहने और सोने की व्यवस्था ठीक नहीं है लेकिन फिर भी चौकी में तैनात सिपाही समय व्यतीत कर रहे हैं इसी के चलते जर्जर पुलिस चौकियों में सिपाही तैनाती होने से बचते रहते हैं जर्जर पुलिस चौकियों के निर्माण की ओर योगी सरकार ध्यान देगी और सिपाहियों की समस्याओं को दूर करेगी।